**भारत सरकार**

**ग्रामीण विकास मंत्रालय**

**भूमि संसाधन विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1522**

**दिनांक 29 जुलाई, 2025 को उत्तरार्थ**

**डीआईएलआरएमपी के अंतर्गत प्रगति**

**1522. श्री अ. मनिः**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) के कार्यान्वयन की राज्य-वार, जिला-वार और संघ राज्यक्षेत्र-वार प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) तमिलनाडु, विशेषकर धर्मपुरी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित देश में राज्य-वार, जिला-वार और संघ राज्यक्षेत्र- वार कितने गाँवों और भूखंडों के अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया गया है;

(ग) क्या उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण से भूमि विवादों में कमी आई है;

(घ) यदि हाँ, तो राज्य-वार, जिला-वार और संघ राज्यक्षेत्र-वार विवादों में कमी का ब्यौरा क्या है;

(ङ) डिजिटल भूमि अभिलेखों की सटीकता और प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं;

(च) क्या सरकार ने देशभर में उक्त कार्यक्रम को पूरा करने के लिए कोई रूपरेखा तैयार की है; और

(छ) यदि हाँ, तो इस संबंध में ममय-सीमा और प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(डॉ. चन्द्र शेखर पेम्मासानी)**

(क) तथा (ख) भारत सरकार, देश में भूमि अभिलेखों और रजिस्ट्रीकरण प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण और कम्प्यूटरीकरण के लिए वर्ष 2016-17 से केंद्र सरकार से शत प्रतिशत वित्तीय सहायता के साथ डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) नामक एक व्यापक कार्यक्रम का कार्यान्वयन कर रही है। डीआईएलआरएमपी को दिनांक 01.04.2021 से 31.03.2026 तक पांच वर्षों की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है। अब तक, देश में अधिकारों के अभिलेखों (आरओआर) के कम्प्यूटरीकरण का कार्य 99.79% पूरा हो चुका है।

तमिलनाडु के धर्मपुरी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में सभी भूमि अभिलेखों का डिजीटलीकरण किया जा चुका है। प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) के अनुसार दिनांक 24.07.2025 तक डीआईएलआरएमपी के तहत घटक-वार प्रगति अनुबंध {1(i) और 1(ii)} पर दिया गया है।

(ग) तथा (घ) डीआईएलआरएमपी, भूमि सूचना और प्रबंधन प्रणालियों को एकीकृत करने के लिए एक डिजिटल पहल है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के डिजीटल भूमि अभिलेख, नागरिकों को संपत्ति के स्वामित्व के हस्तांतरण की सरलीकृत प्रक्रिया के साथ त्रुटि रहित, पारदर्शी और छेड़छाड़-रहित भूमि अभिलेख की सुविधा प्रदान करते हैं जिसके परिणाम स्वरूप संपत्ति विवादों में कमी आती है।

(ङ) डीआईएलआरएमपी का उद्देश्य, अन्य बातों के साथ-साथ भूमि विवादों को कम करने के लिए त्रुटि रहित, पारदर्शी और छेड़खानी रहित भूमि अभिलेख उपलब्ध कराना है। तदनुसार, विभाग नागरिकों को डिजिटली हस्ताक्षरित और कानूनी रूप से वैध अधिकारों के अभिलेख उपलब्ध कराने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को प्रोत्साहित कर रहा है। डीआईएलआरएमपी का एक घटक सर्वेक्षण/पुनर्सर्वेक्षण भी है, जिसका उद्देश्य बिक्री, उत्तराधिकार, विभाजन आदि के आधार पर भूमि के सभी उप-विभाजनों को पूरा करके पुराने भूकर मानचित्रों और अधिकारों के अभिलेखों को अद्यतन करना है, ताकि सटीक और प्रामाणिक भूमि अभिलेख तैयार किए जा सकें।

(च) तथा (छ) डीआईएलआरएमपी की वर्तमान अवधि 31.03.2026 तकहै। इस विभाग का लक्ष्य दिनांक 31.03.2026 तक देश में सभी उपलब्ध अधिकारों के अभिलेखों (आरओआर) के कम्प्यूटरीकरण और सभी उपलब्ध भूकर मानचित्रों के डिजिटलीकरण के बुनियादी कार्य को पूरा करना है।

*******

**अनुबंध 1(i)**

**लोक सभा में दिनांक 29.07.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1522 के भाग (क) तथा (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

| | | | **अधिकारों के अभिलेखों की संख्या (आरओआर)** | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्रम सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **कुल जिले** | **कुल** | **कंप्यूटरीकृत** | **%** |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 3 | 89,747 | 89,747 | 100.00 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 26 | 3,31,95,854 | 3,31,95,854 | 100.00 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 25 | 46 | 0 | 0.0 |
| 4 | असम | 35 | 43,57,936 | 41,38,417 | 94.96 |
| 5 | बिहार | 38 | 4,34,68,047 | 4,34,68,047 | 100.00 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1 | 25 | 25 | 100.00 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 33 | 2,50,61,809 | 2,50,61,809 | 100.00 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 3 | 74,061 | 74,061 | 100.00 |
| 9 | दिल्ली | 11 | 12,828 | 11,405 | 88.91 |
| 10 | गोवा | 2 | 7,52,798 | 7,52,798 | 100.00 |
| 11 | गुजरात | 33 | 1,23,35,798 | 1,23,35,798 | 100.00 |
| 12 | हरियाणा | 22 | 36,14,314 | 36,14,314 | 100.00 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 12 | 22,10,677 | 22,10,677 | 100.00 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 20 | 6,850 | 6,845 | 99.93 |
| 15 | झारखंड | 24 | 27,31,472 | 26,98,027 | 98.78 |
| 16 | कर्नाटक | 31 | 1,97,48,150 | 1,97,48,150 | 100.00 |
| 17 | केरल | 14 | 2,72,36,450 | 2,72,36,450 | 100.00 |
| 18 | लद्दाख | 2 | 249 | 71 | 28.51 |
| 19 | लक्षद्वीप | 1 | 72,425 | 72,425 | 100.00 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 55 | 5,27,75,680 | 5,27,75,680 | 100.00 |
| 21 | महाराष्ट्र | 36 | 2,62,74,755 | 2,62,74,755 | 100.00 |
| 22 | मणिपुर | 16 | 605 | 513 | 84.79 |
| 23 | मेघालय | 12 | 0 | 0 | 0.0 |
| 24 | मिजोरम | 11 | 3,31,160 | 3,31,160 | 100.00 |
| 25 | नागालैंड | 16 | 23,311 | 0 | 0.0 |
| 26 | ओडिशा | 30 | 1,97,71,392 | 1,97,35,712 | 99.82 |
| 27 | पुद्दुचेरी | 2 | 2,57,939 | 2,57,939 | 100.00 |
| 28 | पंजाब | 23 | 5,66,967 | 5,61,396 | 99.02 |
| 29 | राजस्थान | 41 | 1,24,70,859 | 1,22,62,533 | 98.33 |
| 30 | सिक्किम | 6 | 1,86,156 | 1,55,486 | 83.52 |
| 31 | तमिलनाडु | 38 | 2,31,25,300 | 2,31,25,300 | 100.00 |
| 32 | तेलंगाना | 33 | 80,93,669 | 78,52,609 | 97.02 |
| 33 | त्रिपुरा | 8 | 13,25,145 | 13,25,145 | 100.00 |
| 34 | उत्तराखंड | 13 | 15,25,474 | 15,25,474 | 100.00 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 75 | 1,10,326 | 1,10,326 | 100.00 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 23 | 5,70,93,332 | 5,70,93,332 | 100.00 |
| | **कुल योग** | **774** | **37,89,01,606** | **37,81,02,280** | **99.79** |

अनुबंध 1(ii)

**लोक सभा में दिनांक 29.07.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1522 के भाग (क) तथा (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कुल जिले | भूकर मानचित्रों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल | डिजीटलीकृत | % |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 3 | 214 | 214 | 100.00 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 26 | 14,725 | 14,725 | 100.00 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 25 | 46 | 46 | 100.00 |
| 4 | असम | 35 | 21,069 | 19,086 | 90.59 |
| 5 | बिहार | 38 | 74,452 | 74,452 | 100.00 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1 | 108 | 108 | 100.00 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 33 | 47,269 | 47,216 | 99.89 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 3 | 2,271 | 2,271 | 100.00 |
| 9 | दिल्ली | 11 | 183 | 147 | 80.33 |
| 10 | गोवा | 2 | 14,828 | 14,828 | 100.00 |
| 11 | गुजरात | 33 | 26,911 | 26,911 | 100.00 |
| 12 | हरियाणा | 22 | 63,077 | 63,077 | 100.00 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 12 | 2,17,003 | 2,12,090 | 97.74 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 20 | 23,373 | 22,143 | 94.74 |
| 15 | झारखंड | 24 | 51,585 | 51,195 | 99.24 |
| 16 | कर्नाटक | 31 | 30,317 | 30,121 | 99.35 |
| 17 | केरल | 14 | 10,765 | 4,685 | 43.52 |
| 18 | लद्दाख | 2 | 1,513 | 1,314 | 86.85 |
| 19 | लक्षद्वीप | 1 | 0 | 0 | 0.00 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 55 | 55,960 | 55,960 | 100.00 |
| 21 | महाराष्ट्र | 36 | 44,219 | 43,971 | 99.44 |
| 22 | मणिपुर | 16 | 1,453 | 1,453 | 100.00 |
| 23 | मेघालय | 12 | 0 | 0 | 0.00 |
| 24 | मिजोरम | 11 | 1,073 | 1,073 | 100.00 |
| 25 | नागालैंड | 16 | 0 | 0 | 0.00 |
| 26 | ओडिशा | 30 | 1,37,266 | 1,37,205 | 99.96 |
| 27 | पुद्दुचेरी | 2 | 21,161 | 21,161 | 100.00 |
| 28 | पंजाब | 23 | 70,237 | 52,063 | 74.12 |
| 29 | राजस्थान | 41 | 1,30,801 | 1,29,553 | 99.05 |
| 30 | सिक्किम | 6 | 2,554 | 2,554 | 100.00 |
| 31 | तमिलनाडु | 38 | 30,955 | 30,955 | 100.00 |
| 32 | तेलंगाना | 33 | 16,610 | 16,571 | 99.77 |
| 33 | त्रिपुरा | 8 | 5,341 | 5,341 | 100.00 |
| 34 | उत्तराखंड | 13 | 87,611 | 84,816 | 96.81 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 75 | 1,18,247 | 1,18,247 | 100.00 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 23 | 68,359 | 68,340 | 99.97 |
| | **कुल योग** | **774** | **13,91,556** | **13,53,892** | **97.29** |

*****